भा.कृ.अनु.प. - केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई में
हिन्दी पखवाड़ा 2018 के समापन समारोह एवं काव्य संध्या का आयोजन

भा.कृ.अनु.प. - केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान में शुक्रवार, दिनांक 28 सितम्बर, 2018 को हिन्दी पखवाड़ा - 2018 के समापन समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अभियान संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष माननीय श्री अमरजीत मिश्रा उपस्थित थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता के.मा.शि.सं., मुंबई के निदेशक डा. गोपाल कृष्णा द्वारा की गई । हिन्दी पखवाड़ा- 2018 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को माननीय मुख्य अतिथि एवं निदेशक महोदय के करकमलों से पुरस्कृत किया गया । संस्थान के उपनिदेशक (राजभाषा) डा. राजेश्वर उनियाल द्वारा स्वागत भाषण देने के साथ हिन्दी पखवाड़ा - 2018 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । अपने विशेष उद्बोधन में डा. गोपाल कृष्णा, निदेशक महोदय ने संवैधानिक दायित्वों का बोध कराते हुए सभी से हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने की अपील की । इसके साथ ही उन्होंने राजभाषा हिन्दी को दिवस, सप्ताह और पखवाड़े से आगे ले जाने पर बल दिया । मुख्य अतिथि श्री अमरजीत मिश्रा ने राजभाषा हिन्दी को देश की अस्मिता मानते हुए हिन्दी के व्यापक प्रचार प्रसार का आहवान किया । इसके साथ ही संस्थान द्वारा मूलरूप से हिन्दी में काम करनेवाले कर्मचारियों को नगद पुरस्कार दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की ।

हिन्दी पखवाड़ा - 2018 के समापन समारोह के अंतर्गत माननीय अटल बिहारी वाजपेयी एवं गोपाल दास नीरज जी की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन भी किया गया । आमंत्रित किए गए कवि श्री अभिजीत घोषाल, श्री विजय चौधरी, सुश्री ज्योति त्रिपाठी, डा. अन्नपूर्णा सिसोदिया, श्री सुभाष चंद, व डा. पारोमिता बॅनर्जी सावंत ने दोनों महान कवियों की रचनाओं का सस्वर पाठ कर सभागृह में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

अंत में निदेशक महोदय ने इस भव्य कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई दी ।